वर्ष 2024 माह सितम्बर अंक 33

# बालमन

Powered by Teachers of Bihar




प्रधान संपादक :- धीरज कुमार [U.M.S. सिलौटा , भभुआ (कैमूर)]

Teachers of Bihar- +91 7250818080
Dhiraj Kumar- +91 9431680675
Info@teachersofbihar.org | teachersofbihar@gmail.com
www.teachersofbihar.org

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)

शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ,

(मो०-8544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)




## "शुभकामना संदेश"

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उद्‌देश्य से "बाल मन कैमूर" पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में साकारात्मक सोंच विकसित होगा।

मैं सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए बधाई देते हुए "बाल मन कैमूर" के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)<br>
जिला शिक्षा पदाधिकारी<br>
कैमूर (भभुआ)

TEACHERS OF BIHAR

# बालमन

## सम्पादकीय



## प्यारे बच्चों ,

**आप सभी को ढेर सारा प्यार,**

शिक्षक किसी भी देश के भविष्य के निर्माणकर्ता हैं।शिक्षक के माध्यम से एक स्वस्थ समाज का निर्माण होता है।इसी तरह हिंदी का भी हमारे देश में एक महत्वपूर्ण स्थान हैं।आप सभी को शिक्षक दिवस और हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

बच्चों!आप सभी की प्रतिभा को एक नई पहचान और उड़ान देने के लिए टीचर्स ऑफ बिहार बालमन की परिकल्पना मेरे द्वारा कीगई।आज इस मंच के माध्यम से आपके बहुत सारे प्रतिभा को सभी के द्वारा खूब पसंद किया जा रहा हैं।

प्यारे बच्चों! इस महीने रक्षा बंधन भी हैं आपको एक महत्वपूर्णजिम्मेदारी अपने पर्यावरण के लिए भी निभानी हैं।हमसभीको मिलकर पेड़ लगाने हैं और उनकी देखभाल करते हुए रक्षा सूत्र बांधना है।आपको यह अंक प्रस्तुत करते हुए हमे बहुत खुशी है।अनजाने मेंकिसी भी भूल या त्रुटि के लिए क्षमाप्रार्थी हूं।

हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

प्रधान संपादक ToB बालमन
शिक्षक U.M.S. सिलौटा, भभुआ
कैमूर (बिहार)

# ToB बालमन

## सहयोगी सदस्य

सितम्बर 2024

★ श्री प्रमोद कुमार निराला



प्रखण्ड स्तरीय पत्रिका
ToB बालमन चांद
(प्रधान संपादक)
कन्या मध्य विद्यालय चांद
[प्रखंड चांद](कैमूर)

★ श्री राकेश कुमार मणि
(रोचक गणित+दर्शनीय स्थल)

★ श्री राजेश कुमार सिंह
(विज्ञान कॉर्नर)

★ श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय
(विज्ञान कॉर्नर)

★ श्री अवधेश राम
(शिक्षण अधिगम सामग्री)

★ श्रीमती पुनीता कुमारी
(पर्यावरण अध्धयन)

★ अनुप्रिया
(गणित TLM+गुणकारी फल)

★ श्री राकेश कुमार
(खेल कॉर्नर+सुरक्षित शनिवार+शिक्षा शब्दकोश+रोचक तथ्य)

★ श्री संजय कुमार
(बूझो तो जानें)

# Teachers of Bihar

# अनमोल विचार

बालमन

याद रखिये कोई भी व्यक्ति तब तक नहीं हारता जब तक वो हिम्मत नहीं हारता।



**ब्रूस ली**

राकेश कुमार

# टीचर्स ऑफ बिहार गीत

एम आर चिश्ती

चांद तारों को साथ लाएंगे,
हम बहारों को साथ लाएंगे।

जैसे आती नहीं नज़र दुनिया,
हम बनाएंगे वो हंसी दुनिया,
हौसला और अपनी मंजिल से,
सब नज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

प्रेम की रोशनी जो बिखरेगी
और प्रतिभा सबकी निखरेगी,
खींच लेंगे गगन से इंद्रधनुष
बहते धारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

हम हैं निर्माता अपने भारत के,
पूरे करने हैं सपने भारत के
हम कलम के वही सिपाही हैं
जो हजारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे....

हमने माना, टीचर्स ऑफ़ बिहार
दीप ऐसा जलाएगा इस बार,
हम नवाचारी शिक्षा की रह में
बेसहारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

www.teachersofbihar.org








# बालमन




## टीचर्स ऑफ बिहार बालमन की कलम से...

इस धरती पर जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चों में कुछ न कुछ विशेष प्रतिभा जरूर होती हैं। हम ये भी कह सकते है की हर बच्चे कलाकार होते हैं। घर के आंगनरूपी विद्यालय से माता-पिता और अभिभावकों के बीच बच्चें अपनी कला प्रदर्शन करते हैं। विद्यालय में भी बच्चें अपने मार्गदर्शक शिक्षको के सानिध्य में अपनी कला को प्रदर्शित करते हैं।

## बालमन क्या हैं ?


सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की प्रतिभा और कलाकारी केवल विद्यालयों तक सीमित न रहते हुए राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाए,इसी उद्देश्य से बच्चों के मन में कला के प्रति उत्पन्न सोच को विभिन्न रूपों में एक जगह संग्रहित कर सम्मानित सह प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टीचर्स ऑफ बिहार के सौजन्य से बालमन पत्रिका की शुरुआत की गई। बालमन पत्रिका बच्चों के लिए एक प्लेटफॉर्म है जिसके माध्यम से दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चें उत्साहपूर्वक अपनी कला का प्रदर्शन करते है और अपनी कला और प्रतिभा के लिए बालमन द्वारा सम्मानित भी होते हैं। बालमन पत्रिका राज्य स्तर, जिला स्तर,प्रखंड,स्तर,संकुल स्तर और विद्यालय स्तर पर भी बच्चों के लिए बहुत उपयोगी,ज्ञानवर्धक और रोचक ज्ञान से परिपूर्ण एक मासिक e - पत्रिका है।

www.teachersofbihar.org/publication/balman

# ToB बालमन प्रेरक प्रसंग



# गुस्से की दवा



एक स्त्री थी। उसे बात बात पर गुस्सा आ जाता था। उसकी इस आदत से पूरा परिवार परेशान था। उसकी वजह से परिवार में कलह का माहौल बना रहता था। एक दिन उस महिला के दरवाजे एक साधू आया। महिला ने साधू को अपनी समस्या बताई। उसने कहा, “महाराज! मुझे बहुत जल्दी गुस्सा आ जाता है। मैं चाहकर भी अपने गुस्से पर नियंत्रण नहीं रख पाती। कोई उपाय बताइये।” साधू ने अपने झोले से एक दवा की शीशी निकालकर उसे दी और बताया कि जब भी गुस्सा आये। इसमें से चार बूंद दवा अपनी जीभ पर डाल लेना। 10 मिनट तक दवा को मुंह में ही रखना है।



10 मिनट तक मुंह नहीं खोलना है, नहीं तो दवा असर नहीं करेगी।” महिला ने साधू के बताए अनुसार दवा का प्रयोग शुरू किया। सात दिन में ही उसकी गुस्सा करने की आदत छूट गयी। सात दिन बाद वह साधू फिर उसके दरवाजे आया तो महिला उसके पैरों में गिर पड़ी। उसने कहा, “महाराज! आपकी दवा से मेरा क्रोध गायब हो गया। अब मुझे गुस्सा नहीं आता और मेरे परिवार में शांति का माहौल रहता है।” तब साधू महाराज ने उसे बताया कि वह कोई दवा नहीं थी। उस शीशी में केवल पानी भरा था।

सोशल मीडिया से

# पद्य पंकज

हुँकारों से महलों की नींव उखड़ जाती
साँसों के बल से ताज हवा में उड़ता है।
जनता की रोके राह, समय में ताव कहाँ ?
वह जिधर चाहती, काल उधर ही मुड़ता है।




रामधारी सिंह दिनकर



# Teachers of Bihar

# बालमन

## मन की बात



टीचर्स ऑफ बिहार बालमन पत्रिका अति सुंदर पत्रिका है। इसका एक- एक पृष्ठ शानदार है। हर पृष्ठ अपने आप में बहुत सारी जानकारी के साथ  रोचक और आकर्षक है।वाकई यह लाजबाव है।पूरे बालमन टीम का बहुत बहुत धन्यवाद।



**देवकांत मिश्र 'दिव्य'**
**(शिक्षक)**
**मध्य विद्यालय धवलपुरा**
**सुलतानगंज (भागलपुर)**

बालमन पत्रिका का प्रकाशन शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल है। टीचर्स ऑफ बिहार बालमन पत्रिका बिहार सहित अन्य हिंदीभाषी राज्यों में भी पसंद की जा रही है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए पूरी बालमन टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।



**अर्चना कुमारी (शिक्षिका)**
**राजकीय बुनियादी विद्यालय,अईलाय चाँद( कैमूर )**

# ToB बालमन पत्रिका के तरफ से



डॉक्टर मीनाक्षी कुमारी
मधुबनी



सिकेंद्र कुमार सुमन
कैमूर

को


## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024

प्राप्त करने पर बहुत बहुत बधाई।

C O N G R A T U L A T I O N S

ToB बालमन अंतर खोजे

30 सेकंड में 5 अंतर खोजे



# विश्व के धरोहर

## साँची का स्तूप



साँची भारत के मध्य प्रदेश राज्य के रायसेन ज़िले में साँची नगर के पास एक पहाड़ी पर स्थित है। यह बेतवा नदी के किनारे, भोपाल से 46 कि॰मी॰ पूर्वोत्तर में, तथा बेसनगर और विदिशा से 10 कि॰मी॰ की दूरी पर मध्य प्रदेश के मध्य भाग में स्थित है।सांची कई स्तूपों का स्थल है,जो एक पहाड़ी चोटी पर बनाए गए थे। यह स्थान बौद्ध धर्म से संबंधित है यहाँ कई बौद्ध स्मारक हैं, जो तीसरी शताब्दी ई.पू. से बारहवीं शताब्दी के बीच के काल के हैं। यहाँ छोटे-बड़े अनेकों स्तूप हैं, जिनमें स्तूप संख्या 2 सबसे बड़ा है। यह माना जाता है कि पुष्यमित्र ने इस स्तूप का ध्वंस किया होगा और बाद में, उसके पुत्र अग्निमित्र ने इसे पुनर्निर्मित करवाया होगा।द्वितीय और तृतीय स्तूप की इमारतें शुंग काल में निर्मित प्रतीत होतीं हैं, परन्तु वहां मिले शिलालेख अनुसार उच्च स्तर के अलंकृत तोरण शुंग काल के नहीं थे, इन्हें बाद के सातवाहन वंश द्वारा बनवाया गया था।

धीरज कुमार
UMS सिलौटा, भभुआ, कैमूर

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



चीन के पनजिन में स्थित रेड बीच दुनिया के सबसे अनोखे और सुंदर समुद्र तटों में से एक माना जाता है। यह तट लाल रंग की समुद्री घास से ढका हुआ है, जो इसे खास और शानदार बनाता है। यह खूबसूरत नजारा केवल कुछ महीनों के लिए दिखता है, जब समुद्री घास अपने पूरे लाल रंग में खिलती है।



मध्य विद्यालय बलुआ ,मनेर, पटना

NPS KAJHARGHAT KUDRA KAIMUR



# ToB बालमन कलाकार भाग 1




मध्य विद्यालय बेलागोपी, गायघाट ,मुजफ्फरपुर



प्रा. वि.प्रखंड कॉलोनी फुलवारी शरीफ पटना



U.M.S.बसहा,चांद, कैमूर



मध्य विद्यालय बेलागोपी, गायघाट मुजफ्फरपुर

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# ToB बालमन नन्हें कलाकार भाग 2










UMS मखदुमपुर,प्रखंड- फुलवारी शरीफ, पटना



अनुसूचित जाति प्राथमिक विद्यालय नुआंव कैमूर




मध्य विद्यालय सिमराहा, अररिया



UMS अमांव, चैनपुर, कैमूर



राजकीय कन्या मध्य विद्यालय कुचायकोट, गोपालगंज

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन नन्हें कलाकार भाग 3



मध्य विद्यालय सोनहन कैमूर



UHS मुशीया,नुआंव,कैमूर



कुंदन कुमार,वर्ग 6,UMS सिलौटा, भभुआ, कैमूर



UHS सलथुआ, कुदरा, कैमूर द्वारा हाइड्रोलिक ट्रैक्टर का निर्माण



उच्च माध्यमिक +2 विद्यालय बैजनाथ,रामगढ,कैमूर



प्रा. वि.प्रखंड कॉलोनी फुलवारी शरीफ, पटना

# ToB बालमन नन्हें कलाकार भाग 4

UHS रांटी मधुबनी





रानी कुमारी
वर्ग अष्टम
पर्दा कन्या मध्य
विद्यालय आरा नगर
प्रखंड आरा सदर
जिला भोजपुर



मध्य विद्यालय मलहरिया, समेली, कटिहार।



मध्य विद्यालय तेलहार
कुटुम्बा,औरंगाबाद

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन नन्हें कलाकार भाग 5



डिंपल कुमारी(7 A)- मध्य विद्यालय चांद कैमूर



मध्य विद्यालय चांद , कैमूर



Rukhsar khatoon class 4. Urdu primary school bhabua 1



वर्ग 7 वीं की छात्रा जूही कुमारी
(राजकीय मध्य विद्यालय नेउरी,बरौली, गोपालगंज



UMS खैरा , भभुआ, कैमूर



UHS नरहन, रामगढ़, कैमूर

# ToB बालमन नन्हें कलाकार भाग 6



















# एक नज़र इधर भी......








मध्य विद्यालय भेकास,भभुआ, कैमूर










Urdu
P.s.Akhalaspur



UPS अखलासपुर, भभुआ



UMS गाय घाट, मुज्जफरपुर



UMS दुघरा, भभुआ, कैमूर

# TOB बालमन



भोजन के अच्छे पाचन के लिए भोजन जल्दबाज़ी में न करें। धीरे-धीरे खाएं और हर कौर को अच्छी तरह चबाएं।सोने से कम से कम 2 से 3 घंटे पहले खाना खा लेना चाहिए।


## स्वास्थ्य सुझाव

सितंबर 2024


धीरज कुमार
प्रधान संपादक
(ToB बालमन पत्रिका)
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा
कैमूर, बिहार




Health is wealth



सितम्बर 2024

# TEACHERS OF BIHAR

बालमन

# अजब गजब

**1** लंबे शब्दों के डर को हिप्पोपोटोमोनस्ट्रोसेक्विप्डालियोफोबिया कहा जाता है और एक बात यह कि सबसे लंबा अंग्रेजी शब्द उससे कहीं ज़्यादा लंबा है,लगभग 189,819 अक्षर लंबा।

**2** चंद्रमा पर छोड़े गए पैरों के निशान गायब नहीं होंगे क्योंकि वहां हवा नहीं है।

**3** छिपकलियां सूंघने के लिए अपनी जीभ का उपयोग करती हैं।

**4** एक शोध के अनुसार आपके दिमाग में प्रति सेकंड लगभग 70000 विचार आते हैं।

**5** प्राचीन मिस्र में 'बिल्ली' शब्द का उच्चारण वास्तव में 'म्याऊ' या 'म्याऊ' होता था।

सोशल मीडिया से


हर्ष और आनंद से परिपूर्ण जीवन केवल
ज्ञान और विज्ञान के आधार पर संभव है.
- सर्वपल्ली राधाकृष्णन
भारत रत्न
पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात शिक्षाविद्
भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली
राधाकृष्णन
की जयंती पर
उन्हें शत्-शत् नमन।
5 सितंबर 1888-17 अप्रैल 1975
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
/teachersofbihar

# ToB बालमन



## हँसना जरूरी है...

एक आदमी एक बच्चे से: जो अपनी बात दूसरे को समझा नही सके ,उसे बेवकूफ कहते हैं।

बच्चा :अंकल आपने क्या कहा ,मुझे समझ में नहीं आया





---

डॉक्टर: चश्मा किसके लिए बनवाया हैं ?

लड़का : अपने टीचर के लिए।

डॉक्टर : क्यों?






लड़का : क्योंकी उनको मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

# ToB बालमन विशेषांक

साप्ताहिक

## विषय : सामान्य ज्ञान

धीरज कुमार (शिक्षक)
UMS सिलौटा, भभुआ,
कैमूर, बिहार

# महत्त्वपूर्ण पुस्तक और लेखक

| पुस्तक | | लेखक |
|---|---|---|
| >>> पंचतंत्र | → | विष्णु शर्मा |
| >>> कादम्बरी् | → | बाणभट्ट |
| >>> शाहनामा | → | फिरदौसी |
| >>> सूरसागर | → | सुरदास |
| >>> मुद्राराक्षस | → | विशाखदत्त |
| >>> अर्थशास्त्र | → | चाणक्य |
| >>> गीतगोविन्द | → | जयदेव |
| >>> बीजक,रमैनी | → | कबीरदास |

# ToB बालमन कविता

## जल बचाएं कल बचाएं

पानी है कितना अनमोल ,
आओ जाने इसका मोल

प्यासो की ये प्यास _बुझाए_
सबके लिए अमृत बन जाए

जीव जंतु और इंसान
इसमें बसती है सबकी जान

नदियों में यह बहकर आए
अंत में सागर में मिल जाए

अंबर में भाप बनकर जाए
धरती पर वर्षा बनकर वापस आए

वर्षा का जल बनकर,
धरती को यह तृप्त कर जाए ।

आओ मिलकर जल बचाएं,
व्यर्थ ही हम यूं इसे ना बहाएं

साक्षी सिंह
वर्ग 8
U.M.S. दुघरा (भभुआ)
कैमूर

# ToB बालमन कविता

## बचपन हम से दूर रहा

सितम्बर 2024



बचपन हम से दूर रहा,
खेल-खिलौने से न हमारा वास्ता रहा,
किताबो से कोसो दूर रहा,
जिम्मेदारियों के तले दबा रहा।

बारिश के मजे बच्चे सारे ले रहे,
मेरे तो घर के छत टपक रहे,
सर मेरे बोझो से लदा रहा,
पैर मेरे हमेशा से नंगा रहा।

मालिको के रुवाब हमेशा से रहा,
अठन्नी - चवन्नी में हमारा गुजारा रहा,
असाइश की चाह हम न कर रहे,
बस थोड़ी रहम हम तुम से चाह रहे।

नींद हम भी सुकून की चाह रहे,
हम भी स्कूल जाना चाह रहे,
जुल्म हम पर न हो ये हम कह रहे,
बचपन हम से दूर रहा।



नाम- अक्स नाज
कक्षा -11
ठाकुरगंज
(किशनगंज)

# ToB बालमन आपके पेंटिंग

## भाग - 1



प्रेमप्रकाश,वर्ग 7
बरौली, गोपालगंज




रिद्धि कुमारी,वर्ग 10,उच्च माध्यमिक विद्यालय,रांटी,मधुबनी



प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी
फुलवारी शरीफ (पटना)




अंश कुमार,वर्ग 5,मध्य विद्यालय धवलपुरा
सुलतानगंज,भागलपुर





नंदनी कुमारी,वर्ग 5
UMS सिलौटा ,भभुआ,कैमूर

# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 2

प्रिया कुमारी,वर्ग 6,UMS अर्रा, मोहनियां, कैमूर



सत्यम कुमार
UMS खजरा, मोहनिया , कैमूर



म०वि०सुरीगाँव, बायसी ,पूर्णियाँ




श्रेयसी दत्त, राँटी,मधुबनी

# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 3

बालमन

आपके पेंटिंग

आशीष कुमार, कुदरा, कैमूर



चांदनी कुमारी कक्षा 6 मध्य विद्यालय पाढी चांद, कैमूर






उच्च माध्यमिक +2 बिद्यालय बैजनाथ,रामगढ,कैमूर।



UMS jhitkahiyan
Rampur (vaishali)




प्रिया कुमारी
UMS बेतरी,भभुआ,कैमूर

# ToB बालमन पेंटिंग
# भाग 4












प्राथमिक विद्यालय जगरिया,









# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 5




नंदिका कुमारी
UMS खैरा, भभुआ, कैमूर



UHS कोटा, नुआंव, कैमूर



प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर,मोहनिया





UMS बहेरिया, चांद, कैमूर




UMS मोहनपुर, कुदरा, कैमूर




खुशी कुमारी कक्षा 6 मध्य विद्यालय पाढ़ी चांद




प्राथमिक विद्यालय कवई, भभुआ



PS जगरिया, चैनपुर

# ToB बालमन पेंटिंग
# भाग 6
























# TOB बूझो तो जानें..

संजय कुमार + धीरज कुमार



## बालमन

सितंबर 2024

**1**

ऐसा क्या है बोलो भाई
है दूकान भी,है कॉलेज भी
है स्टोर भी और स्टूडेंट भी
सबकी जरूरत है ये भाई।

**2**

सात रंग की एक चटाई
बारिश में देती है दिखलाई
अर्धवृताकार संरचना है।
देर न करो , बतलाओ मेरे भाई।




**3**

तलवार से भी बड़ी
इसकी ताकत हैं भाई।
लड़ता नही,छोटा है देखने मे
करते है इससे सब पढ़ाई

**4**

हर साल सितंबर में यह दिवस मनाते हैं।
इसे मना कर आपनी भाषा पर इठलाते हैं।
हिंदुस्तानी लोगो को यह भाषा पसंद आती है।
पूरे भारत में गर्व से बोली जाती है।

उत्तर 1- पुस्तकालय ,2- इंद्रधनुष , 3- कलम 4- हिंदी दिवस


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
हिंदी भाषा है विविधिता में एकता की पहचान
भारतीय रेल आपस में जोड़ती है पूरा हिंदुस्तान
१४ सितंबर
समस्त देशवासियों को
हिंदी दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

# ToB बालमन कहानी

## बन्दर और चिड़ियां






चंचल वन में चुन चुन नाम की एक बहुत चिड़िया रहती थी। उसका घोंसला जंगल के सबसे पुराने बरगद के पेड़ पर था। वहां और भी बहुत सारे पक्षी अपने - अपने घोंसले में रहते थे।

सभी मिल जुल कर बड़े प्यार से रहते। बरगद के पेड़ के सबसे ऊपरी हिस्से में गरुड़ दादा रहते थे जो कि सबसे बुजुर्ग थें। जब सभी पक्षी दाना लाने चले जाते तो उनके बच्चों और अंडो की देखभाल भी गरुड़ दादा ही करतें। सभी पक्षी उन्हें बहुत सम्मान देते थे।एक दिन की बात है, चुन चुन चिड़िया हर दिन की तरह दाना लाने गई। उसी समय किसी दूसरे जंगल से बन्दरों का झुंड बरगद के पेड़ पर चढ़ गया और वे बन्दर शैतानी करने लगें। कभी घोसलें से नन्ही नहीं चिड़ियों को नीचे फेकतें तो कभी डालियां तोड़ डालते।



गरुड़ दादा यह सब देख बहुत परेशान हो गए और उन्होंने बन्दरों को रोकने की बहुत कोशिश की पर बन्दर नहीं माने और पूरा पेड़ तहस नहस कर डाला। शाम को जब सभी पक्षियां वापस आएं तो देखा उनके आशियाने छिन्न भिन्न है। उधर चुन चुन चिड़िया के बच्चे पेड़ के नीचे पड़े थे वो तो अब तक उड़ना भी नहीं सीखे थे। इन मासूमों की यह हालत देख सब दुःखी हुए।


निधि चौधरी(शिक्षिका)
प्राथमिक विद्यालय सुहागी
किशनगंज,बिहार

तभी गरुड़ दादा ने रुआंसे स्वर में कहा, आप सब मुझे क्षमा कर दें। मैं कुछ न कर सका, उन शैतान बन्दरों ने मेरी एक न सुनी। सभी पक्षी बहुत परेशान हुए।लेकिन अब ऐसा आए दिन होने लगा। अब तो हर दिन बन्दर आतें और चिड़ियों को परेशान करते। सभी पक्षियां बहुत परेशान हो गए थे।

चुन चुन चिड़िया ने गरुड़ दादा से कहा दादा आप तो सबसे बुजुर्ग हैं कोई तो उपाय बताइये जिससे कि हम सब की खुशियां वापस आ सके। गरुड़ दादा ने कहा, चुन चुन मेरे पास एक तरकीब है आस पास के सभी जंगलो से चिड़ियों को बुलाते हैं और फिर जब शैतान बन्दर आएंगे सब एक साथ उन पर हमला कर देंगे। चुन चुन को काका की यह तरकीब पसंद आई। फिर क्या था उसी बरगद की टहनी पर कबूतर काका भी रहते थें। उन्होंने उड़ - उड़ कर यह संदेश आस - पास के जंगलों में फैला दी। अगले दिन निर्धारित समय पर पास के सभी जंगलो से पक्षियां कौआ, तोता, मैना, कटफोरवा, कोयल, बुलबुल, गोरैया, बटेर, गिद्ध, नीलकण्ठ सभी एकत्रित हुए। और योजना के तहत वे आस पास के पेड़ों में पत्तों के पीछे छिप गएं। हर दिन की तरह नाचते कूदते बन्दर की टोली आई और बरगद के पेड़ पर चढ़ गई अब तो सभी पक्षियों ने चारो तरफ से बन्दरों पर हमला बोल दिया। अचानक हुए इस हमले से बन्दर एकदम से घबरा गए। और चिड़ियों के झुंड किसी बन्दर के नाक पर चोंच मारते तो किसी की पूंछ नोच कर उड़ जातें। कई शैतान बन्दर तो पेड़ से नीचे ही गिर गए। कटफोरवा ने तो अपनी सख्त चोंच से उनका बुरा हाल कर दिया। और गोरैया रानी तो छुटकी हो कर भी किसी बन्दर के कान पर चोंच मरती तो किसी की आँख पर। फिर गिद्ध महाराज को देख कर ही बन्दरों की सिट्टी पिट्टी गुम हो गई। कुछ ही देर में बन्दर की टोली सिर पर पैर रख कर भाग खड़े हुए। और दुबारा कभी इस तरफ आने की जहमत तक न उठाई। सभी पक्षियों ने एक दूसरे को धन्यवाद दिया, और अपने अपने घर के तरफ चल दिये। अब बरगद के पेड़ पर सभी पक्षियां पहले की तरह खुशी खुशी रहने लगें।

# ToB बालमन कविता

## स्वच्छता का ऐलान

सितंबर 2024



साफ सुथरे वातावरण को
लोग कर रहे हैं गंदे,
अपने स्वार्थ के लिए सब
बन रहे हैं अंधे।।



आंखों से नहीं देख पा रहे है
खत्म होते इस संसार को,
करके गन्दगी देश में अपने
फैला रहे अंधकार को।।



गन्दगी को साफ करके
स्वच्छता को अपनाना है,
अपने इस भारत देश को
प्रदूषण मुक्त राष्ट्र बनाना है।।



दिवाली के दिन भी हमे
पटाखे नहीं जलाना है,
स्वच्छ रखकर इस संसार को
खुशी से दिये जलाना है।।

देश के विकास का
करना हमे है शोर,
चलो सारे करने ऐलान
एक कदम स्वच्छता की ओर॥





अमृत राज सिंह(छात्र)
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा
भभुआ (कैमूर )



# ToB बालमन कविता

## हमारा पर्यावरण

सितम्बर 2024



पर्यावरण को बचाना है,
स्वच्छ भारत बनाना है।
प्रदूषण नहीं फैलाकर,
सबको आज बचाना है



प्रदूषण नहीं फैलाएंगे ,
प्रदूषण मुक्त भारत बनाएंगे।
आज सभी लोग करे प्रण,
मिलकर करेंगे वृक्षारोपण।

सभी जगह हरियाली छाएगी,
रिमझिम वर्षा आयेगी।
सबके मन को बहकाएगी
सबको मिलकर एक साथ,
धरती पर उतर आना है।





पर्यावरण बचाना है,
स्वच्छ भारत बनाना है।
खेतो में फसलें लहराती है,
सबके मन को भाती है।



ठंडी ठंडी हवा चलाकर
गर्मी से हमें बचाती है।
फसलें भी जो थे मायुस,
बारिश हुई तो हो गये खुश,





एकता में है बल
यह सबको दिखाना है।
पर्यावरण को बचाना है,
प्रदूषण मुक्त कराना है।



हम सभी लए संकल्प,
हमे यह निभाना है ।
पर्यावरण बचाना है,
स्वच्छ भारत बनाना है।



अंजली कुमारी
वर्ग 8
UMS अर्रा, मोहनियां कैमूर

# TOB बालमन

## व्यक्ति विशेष

सितंबर 2024

धीरज कुमार
प्रधान संपादक
ToB बालमन



स्रोत : ABP न्यूज़

## मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया

मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया भारत के महान इंजीनियर और राजनयिक रहे हैं। मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को भारत में इंजीनियर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इनका जन्म 15 सितंबर 1860 को मैसूर (कर्नाटक) के कोलार जिले के चिक्काबल्लापुर तालुक में हुआ था। इन्होंने 19 वर्ष की आयु में वर्ष 1881 में बीए की परीक्षा अव्वल स्थान से प्राप्त की।विश्वेश्वरैया ने स्टील के दरवाजे का एक बांध बनाया था जिससे पानी का बहाव रोका जा सकता है आज यह पूरे विश्व में प्रयोग होता हैं।मैसूर में लड़कियों के लिए अलग हॉस्टल तथा पहला फर्स्ट ग्रेड कॉलेज (महारानी कॉलेज) खुलवाने का श्रेय विश्वेश्वरैया को जाता है। इन्होंने ही छात्रवृत्ति की भी व्यवस्था की थी।धन की जरूरत को पूरा करने के लिए बैंक ऑफ मैसूर खुलवाया।वर्ष 1955 में इन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इनके 100 वर्ष की उम्र पर भारत सरकार ने डाक टिकट जारी किया।101 वर्ष की उम्र में 14 अप्रैल 1962 को इनका निधन हो गया।

# Teachers of Bihar

The Change Makers

**Class 5**
**EVS**


## बालमन


माह- सितंबर

### रॉस की जंग मलेरिया के संग

**मलेरिया:-** मलेरिया एक संक्रामक बीमारी है, जो मच्छरों के काटने से होती है। मच्छर मलेरिया के वाहक हैं और उनके द्वारा ही मलेरिया के कीटाणु फैलते हैं।

**रोनाल्ड रॉस:-** मलेरिया के कीटाणुओं की खोज भारत के उत्तराखंड राज्य के अल्मोड़ा नामक शहर में रहने वाले एक महान चिकित्सक रोनाल्ड रॉस ने किया था। मलेरिया की रोकथाम एवं उससे बचने के लिए उन्होंने बताया कि घर के आस-पास पानी जमा होने नहीं दे। नाली को ढँक कर रखें ताकि वहां मच्छर नहीं पनप सके।







पुनीता कुमारी


# पेन और पेंसिल आर्ट भाग 1



Shailesh Raj
Pipra
Purnea




UMS बेतरी, भभुआ, कैमूर




UHS सलथुआ, कुदरा, कैमूर

# पेन और पेंसिल आर्ट भाग 2


रंजन कुमार
UMS सिलौटा,
भभुआ, कैमूर


Ayushi kumari ,class -7 ,UHS,narahan
ramgarh kaimur



म०वि०सुरीगाँ
व बायसी
पूर्णियाँ



Ums jhitkahiyan rampur vaishali


UMS बहुआरा,भभुआ, कैमूर


# ToB बालमन कहानी जिराफ़

राजकीय मध्य विद्यालय जिज्ञासानगर के 8th के बच्चे बड़े उत्साहित थे , इस बार उन्हें पिकनिक पर पास के वाइल्डलाइफ नेशनल पार्क ले जाया जा रहा था । तय दिन सभी बच्चे ढेर सारे खाने -पीने के सामान और खेलने -कूदने की चीजें लेकर तैयार थे । बस सुबह छः बजे निकली और 2-3 घंटों में नेशनल पार्क पहुँच गयी ।

वहां उन्हें एक बड़ी सी कैंटर में बैठा दिया गया और एक गाइड उन्हें जंगल के भीतर ले जाने लगा , नवनीत मास्टर जी भी बच्चों के साथ थे और बीच -बीच में उन्हें जंगल और वन्य – जीवों के बारे में बता रहे थे । बच्चों को बहुत मजा आ रहा था ; वे ढेर सारे हिरनों , बंदरों और जंगली पक्षियों को देखकर रोमांचित हो रहथे।

वे धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे कि तभी गाइड ने सभी को शांत होने का इशारा करते हुए कहा , “ शशशशश…. आप लोग बिलकुल चुप हो जाइए … और उस तरफ देखिये …. यह एक दुर्लभ दृश्य है , एक मादा जिराफ़ अपने बच्चे को जन्म दे रही है ….”

फिर क्या था ; गाड़ी वहीँ रोक दी गयी , और सभी बड़ी उत्सुकता से वह दृश्य देखने लगे।



मादा जिराफ़ बहुत लम्बी थी और जन्म लेते हुए बच्चा करीब दस फुट की ऊंचाई से जमीन पर गिरा और गिरते ही अपने पाँव अंदर की तरफ मोड़ लिए , मानो वो अभी भी अपनी माँ की कोख में हो …।

इसके बाद माँ ने सर झुकाया और बच्चे को देखने लगी . सभी लोग बड़ी उत्सुकता से ये सब होते देख रहे थे की अचानक ही कुछ अप्रत्याशित सा घटा , माँ ने बच्चे को जोर से एक लात मारी , और बचा अपनी जगह से पलट गया ।

कैंटर में बैठे बच्चे नवनीत मास्टर जी से कहने लगे , “ सर, आप उस जिराफ़ को रोकिये नहीं तो वो बच्चे को मार डालेगी ….”

पर नवनीत मास्टर जी ने उन्हें शांत रहने को कहा और पुनः उस तरफ देखने लगे ।

बच्चा अभी भी जमीन पर पड़ा हुआ था कि तभी एक बार फिर माँ ने उसे जोर से लात मारी …. इस बार बच्चा उठ खड़ा हुआ और डगमगा कर चलने लगा…. धीरे -धीरे माँ और बच्चा झाड़ियों में ओझल हो गए ।

उनके जाते ही बच्चों ने पुछा , “ सर , वो जिराफ़ अपने ही बच्चे को लात क्यों मार रही थी …अगर बच्चे को कुछ हो जाता तो ?”

नवनीत मास्टर जी बोले , “ बच्चों , जंगल में शेर -चीतों जैसे बहुत से खूंखार जानवर होते हैं ; यहाँ किसी बच्चे का जीवन इसी बात पर निर्भर करता है की वो कितनी जल्दी अपने पैरों पर चलना सीख लेता है । अगर उसकी माँ उसे इसी तरह पड़े रहने देती और लात नहीं मारती तो शायद वो अभी भी वहीँ पड़ा रहता और कोई जंगली जानवर उसे अपना शिकार बना लेता ।

**शिक्षा:-** माता - पिता की डांट मे भी बच्चों का भला ही छिपा होता है।हमे बुरा लगता है पर उसमे भलाई हमारी ही होती है।



**नवरंग सिंह यादव(शिक्षक)**
**UMS सेनूरिया, चनपटिया**
**(पश्चिमी चंपारण)**

# ToB Black Board Work




मध्य विद्यालय मलहरिया, समेली, कटिहार।




UHS सोनवर्षा, नुआंव कैमूर





UMS अर्रा मोहनियां





UMS ओदार, कैमुर



UMS सिलौटा, कैमूर




म॰वि॰सुरीगाँव बायसी पूर्णियाँ




Taught how to make figures of domestic article
to the students of Class 5th
Govt UMS Senuariya
CHANPATIYA West Champaran

# *ToB* बालमन क्विज

सितंबर 2024

**1**

गीत गोविंद की रचना किसने की ?

A. जय देव B. विशाखा दत्त

C. वेद व्यास D. विष्णु शर्मा

**2**

समुंद्र की गहराई किसमे मापते हैं ?

A.बैरो मीटरB. फैडोमीटर

C. ओडो मीटर D. लैक्टो मीटर

**3**

हिंदी दिवस कब मनाया जाता हैं ?

A. 12 अगस्त B. 21 सितंबर

C. 14सितम्बर D. 29 जुलाई

**4**

किस गैस को मार्श गैस भी कहते हैं?

A.ऐथेन गैस B. मिथेन गैस

C. प्रोपेन गैस D. ब्यूटेन गैस

**5**

गुजरात राज्य की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?

A.वर्ष 1974 B.वर्ष 1970

C. वर्ष 1954 D. वर्ष 1960

सही उत्तर: 1.A ,2.B ,3.C ,4.B,5.D



धीरज कुमार
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा भभुआ कैमूर



## मध्य विद्यालय सैनो जगदीशपुर भागलपुर



## मध्य विद्यालय कुआड़ी, अररिया




ToB बालमन

# चेतना सत्र




प्रा. वि. जटमलपुर पुर ढ़ाब, कहार टोली, कल्याणपुर,समस्तीपुर



उत्क्रमित मध्य विद्यालय चंदा चांद,कैमूर



# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम
## (सुरक्षित शनिवार)

RAKESH KUMAR
MIDDLE SCHOOL BALUA MANER (PATNA)

## माह: सितंबर

CHILD HELPLINE 1098

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम शनिवार<br>दिनांक 07.09.2024 | डायरिया के सम्बन्ध में जानकारी तथा ओ. आर. एस. बनाने से संबंधित कौशल प्रशिक्षण एवं अभ्यास |  |
| द्वितीय शनिवार<br>दिनांक 14.09.2024 | रेल / सड़क दुर्घटना से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी |  |
| तृतीय शनिवार<br>दिनांक 21.09.2024 | भूंकप से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी ( मॉकड्रिल ) |  |
| चतुर्थ शनिवार<br>दिनांक 28.09.2024 | बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल शोषण तथा बच्चों से छेड़छाड़ के सन्दर्भ में जानकारी |  |

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

www.teachersofbihar.org

## माह: अक्टूबर

CHILD HELPLINE 1098

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम शनिवार<br>दिनांक 05.10.2024 | दशहरा / छठ / मुहर्रम आदि पर्वों में भीड़ एवं भगदड़ संबधी जोखिम एवं बचाव ( प्राथमिक उपचार सी.पी.आर. सहित ) |  |
| द्वितीय शनिवार<br>दिनांक 12.10.2024 | नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के संदर्भ में जानकारी |  |
| तृतीय शनिवार<br>दिनांक 19.10.2024 | दिवाली के पटाखों एवं प्रदूषण से उत्पन्न स्वास्थ्य संबधी जोखिम एवं बचाव के संदर्भ में जानकारी |  |
| चतुर्थ शनिवार<br>दिनांक 26.10.2024 | सड़क दुर्घटना से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी। |  |


बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

www.teachersofbihar.org

# सुरक्षित शनिवार




उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय दखली टोला, पिरपैंती, भागलपुर



आदर्श मध्य विद्यालय तुलसिया दिघलबैंक,किशनगंज


प्राथमिक विद्यालय छुरछुरिया फारबिसगंज अररिया।



NPS Gokhula, Ward No. 06, बंजरिया


राजकीय मध्य विद्यालय बरौली , गोपालगंज

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल



### बेर

मुझमें विटामिन A, C, B-6, K,E, फोलेट, कैल्शियम ,पोटेशियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस आदि भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

Anu priya

## वर्ग (Square)

### प्रथम बीस संख्याओं का वर्ग

$1^2 = 1$

$2^2 = 4$

$3^2 = 9$

$4^2 = 16$

$5^2 = 25$

$6^2 = 36$

$7^2 = 49$

$8^2 = 64$

$9^2 = 81$

$10^2 = 100$

$11^2 = 121$

$12^2 = 144$

$13^2 = 169$

$14^2 = 196$

$15^2 = 225$

$16^2 = 256$

$17^2 = 289$

$18^2 = 324$

$19^2 = 361$

$20^2 = 400$

## घन (CUBE)

### प्रथम बीस संख्याओं का घन

$1^3 = 1$

$2^3 = 8$

$3^3 = 27$

$4^3 = 64$

$5^3 = 125$

$6^3 = 216$

$7^3 = 343$

$8^3 = 512$

$9^3 = 729$

$10^3 = 1000$

$11^3 = 1331$

$12^3 = 1728$

$13^3 = 2197$

$14^3 = 2744$

$15^3 = 3375$

$16^3 = 4096$

$17^3 = 4913$

$18^3 = 5832$

$19^3 = 6859$

$20^3 = 8000$

Anu Priya, Science Teacher

# ToB खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

## खेल सामान्य ज्ञान

Q. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् का मुख्यालय कहाँ है ?
दुबई

Q. इंग्लिश चैनल को तैरकर पार करने वाले प्रथम भारतीय कौन थे ?
मिहिर सेन

Q. टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले प्रथम भारतीय है ?
वीरेंद्र सहवाग

Q. प्राचीन भारत में कौन सा खेल बहुत लोकप्रिय था ?
शतरंज

Q. किसने टेस्ट मैच में एक भी तिहरा शतक नहीं बनाया ?
सचिन तेंदुलकर

Q. अपूर्वी चंदेला किससे सम्बंधित है ?
निशानेबाजी

Q. ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट टीम की कैप का रंग क्या है ?
हरा

Q. इंग्लैंड का राष्ट्रीय खेल क्या है ?
क्रिकेट

Q. ललिता बब्बर किससे सम्बंधित है ?
दौड़

Q. कोबे ब्रायंट किस खेल के साथ जुड़े हुए है ?
बास्केटबॉल



## एथलेटिक्स


**नीरज चोपड़ा डायमंड लीग फाइनल में दूसरे नंबर पर रहे: 87.86 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंका; ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स को पहला स्थान**

नीरज चोपड़ा 2024 के डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने अपने तीसरे अटेम्प्ट में 87.86 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंका। वह चैंपियन बनने से 0.01 मीटर दूर रहे। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने पहले अटेम्प्ट में 87.87 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंक कर पहला स्थान हासिल किया।

**क्या है डायमंड लीग?**

डायमंड लीग एथलीट्स का एनुअल कॉम्पिटिशन है। इसमें जैवलिन थ्रो, हाई जंप, लॉन्ग जंप, ट्रिपल जंप, पॉल वॉल्ट, स्प्रिंट, हर्डल्स, स्टीपलचेज, डिस्कस थ्रो और शॉट पुट जैसे एथलेटिक इवेंट्स होते हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों में पूरे साल 4 क्वालिफाइंग इवेंट होते हैं। इनमें टॉप रैंक हासिल करने वाले एथलीट्स सितंबर में डायमंड लीग फाइनल खेलते हैं। फाइनल जीतने वाले खिलाड़ी को ही डायमंड लीग चैंपियन माना जाता है।

# ToB बालमन




## रोचक गणित

### 1089 संख्या

कोई एक तीन अंकों की संख्या लीजिए ।अंक पलटकर लिखिए । उन्हें घटाइए।जो संख्या प्राप्त हो, उसमें उस संख्या को पलटकर जोड़िए।आप पायेंगे...1089

जैसे-- 235 एक संख्या लिया गया।अंक पलटने पर 532 हुआ घटाने पर 532 - 235 = 297

पलट कर जोड़ने पर 297 + 792 = 1089

आप किसी अन्य तीन अंक के साथ कर सकते हैं परिणाम 1089 ही होगा।



कुमार राकेश मणि
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा ,नुआंव, कैमूर

# ToB बालमन

# दर्शनीय स्थल

सितंबर 2024

## भारत पर्यटन:मांझर कुंड और धुंआ  कुंड

रोहतास के सासाराम स्थित कैमूर पहाड़ी का पानी चट्टानों में एक धारा बनकर टेढ़े मेढ़े रास्तों से गुजरते हुए मांझर कुंड में एकत्रित होता है। यह पानी लगभग आधा किलोमीटर आगे जाकर 130 फिट ऊंचे पर्वत से होकर जमीन पर गिरता है। इतने ऊंचाई से गिरने के चलते पानी से उठने वाले धुंध के कारण ही इसका नाम धुंआ कुंड पड़ गया।  इस कुंड से बिहार की दो नदियां निकलती है जिसका नाम 'काव नदी" और ''कुदरा नदी'' है। ये नदियां आगे चलकर खेतों की सिंचाई में काफी मदद करती हैं।

धुंआ कुंड में चारो तरफ पहाड़ियों के बीच से सूर्य की किरणें गिरते हुए जलप्रपात पर जैसे ही पड़ती हैं इस गिरते हुए जलप्रपात में सतरंगी छटा बिखेर देती है। ये प्राकृतिक छटा  आंखों को सुकून पहुंचाती है।

सासाराम से लगभग 15 किमी दूर स्थित, पहाड़ी के आधार से 30 मिनट के भीतर आसानी से पहुंचा जा सकता है। मां ताराचण्डी मंदिर के ठीक पहले दाहिनी तरफ़ से एक पहाड़ी पर सड़क जाती है उस सड़क द्वारा दोपहिया या चारपहिया द्वारा यहां पहुंचा जा सकता है। मांझर कुंड और धुंआ कुंड पिकनिक के लिए सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है जो मानसून के दौरान हज़ारों स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी आकर्षित करती है। सावन के समाप्त होने के पश्चात पहली रविवार को काफी लोग पिकनिक मनाने वहां पहुंचते हैं।










कुमार राकेश मणि
(प्रधानाध्यपक)
UHS कोटा, नुआंव
(कैमूर) बिहार

# ToB SCIENCE TLM

Class 9 subject: physics

## दूरी और विस्थापन में अंतर

| दूरी (Distance) | विस्थापन (Displacement) |
|---|---|
| किसी समय में गतिमान वस्तु द्वारा तय किए गए मार्ग की लम्बाई को दूरी कहते हैं। | किसी निश्चित दिशा में गतिमान वस्तु की अंतिम तथा प्रारंभिक स्थितियों के बीच की दूरी को विस्थापन कहते हैं। |
| दूरी अदिश राशि है । | विस्थापन सदिश राशि है । |
| दूरी का केवल परिमाण होता है। | विस्थापन का परिमाण और दिशा दोनो होते हैं । |
| दूरी सदैव धनात्मक होती है । | विस्थापन धनात्मक,ऋणात्मक या शून्य भी हो सकता है। |
| दूरी वस्तु द्वारा तय किए गए मार्ग पर निर्भर करती है। | विस्थापन वस्तु द्वारा तय किए मार्ग पर निर्भर नहीं करता है। |

www.teachersofbihar. org

Pratibha Pandey

Class 10 , subject : chemistry

## विरंजक चूर्ण

Class 10

### Bleaching Powder

**रासायनिक सूत्र -** $CaOCl_2$

**रासायनिक नाम -** कैल्शियम ऑक्सी क्लोराइड

### विरंजक चूर्ण का निर्माण :-

शुष्क बुझे हुए चुने को 40°C पर गर्म कर उसके ऊपर क्लोरीन गैस प्रवाहित करने पर विरंजक चूर्ण प्राप्त होता है।

$$Ca(OH)_2 + Cl_2 \longrightarrow Ca(OCl)Cl + H_2O$$

### उपयोग :-

1. कीटाणुनाशक के रूप में
2. कागज एवं कपड़ो के विरंजन में
3. क्लोरीन, क्लोरोफॉर्म आदि बनाने में।

www.teachersofbihar.org

कक्षा 10

# धातु और अधातु

कमरे के ताप पर या निम्न ताप पर

## धातु की ऑक्सीजन से अभिक्रिया

| धातु | उत्पाद निर्माण | उत्पाद का रंग | ज्वाला या लौ का रंग |
|---|---|---|---|
| पोटैशियम | पोटैशियम ऑक्साइड | पीला | बैंगनी |
| सोडियम | सोडियम ऑक्साइड | सफ़ेद | सुनहरा पीला |
| कैल्सियम | कैल्सियम ऑक्साइड | सफ़ेद | कोई लौ नहीं |
| मैग्नेशियम | मैग्नेशियम ऑक्साइड | सफ़ेद | कोई लौ नहीं |
| एल्यूमीनियम | एल्यूमीनियम ऑक्साइड | सफ़ेद | कोई लौ नहीं |
| जिंक | जिंक ऑक्साइड | सफ़ेद | कोई लौ नहीं |
| आयरन | आयरन ऑक्साइड | भूरा / काला | कोई लौ नहीं |
| लेड | लेड ऑक्साइड | पीला | कोई लौ नहीं |
| कॉपर ( निम्न ताप पर गर्म करने पर ) | कॉपर ऑक्साइड | काला | कोई लौ नहीं |
| सिल्वर | कोई अभिक्रिया नहीं | | |
| गोल्ड | कोई अभिक्रिया नहीं | | |
| प्लैटिनम | कोई अभिक्रिया नहीं | | |



कक्षा 10

# धातु और अधातु

उच्च ताप पर गर्म करने पर

## धातु की ऑक्सीजन से अभिक्रिया

| धातु | उत्पाद निर्माण | उत्पाद का रंग | ज्वाला या लौ का रंग |
|---|---|---|---|
| पोटैशियम | पोटैशियम ऑक्साइड | पीला | बैंगनी |
| सोडियम | सोडियम ऑक्साइड | सफ़ेद | सुनहरा पीला |
| कैल्सियम | कैल्सियम ऑक्साइड | सफ़ेद | चमकदार सफेद |
| मैग्नेशियम | मैग्नेशियम ऑक्साइड | सफ़ेद | चमकदार सफेद |
| एल्यूमीनियम | एल्यूमीनियम ऑक्साइड | सफ़ेद | चमकदार सफेद |
| जिंक | जिंक ऑक्साइड | सफ़ेद | हल्का नीला |
| आयरन | आयरन ऑक्साइड | भूरा / काला | केवल स्पार्कल (ज्वाला नहीं) |
| लेड | लेड ऑक्साइड | पीला | कोई लौ नहीं |
| कॉपर ( निम्न ताप पर गर्म करने पर ) | कॉपर ऑक्साइड | काला | कोई लौ नहीं |
| सिल्वर | कोई अभिक्रिया नहीं | | |
| गोल्ड | कोई अभिक्रिया नहीं | | |
| प्लैटिनम | कोई अभिक्रिया नहीं | | |

# ToB बालमंच भारत भाग 1




शैलेश राज , पुर्णिया



संतोष कुमार, मधेपुरा




*Ramodadi* प्राथमिक शाला, गुजरात



Suhani suman Samastipur





nancy kri 8th ums jhitkahiyan rampur Vaishali



prerna kri 8th ums jhitkahiyan rampur Vaishali

# ToB बालमंच भारत भाग 2



Sarvjeet prajapati,arariya



किशनगंज

Jyoti kumai class 5 UMS Fatamari




बिलासपुर, छत्तीसगढ़

# ToB बालमन शिक्षण अधिगम सामग्री (SEPTEMBER 2024 )

## गिनतारा वायलिन

* कक्षा जिसके लिए TLM उपयुक्त है:- कक्षा 2 एवं 3
* विषय जिससे TLM संबंधित है:- गणित
* बनाने की विधि:- सबसे पहले दो पतले दफ्ती को एक दूसरे पर रखकर वायलिन के आकार में काट लेंगे। एक चौड़ा वाले वायरिंग पट्टी के नीचे वाले भाग को एक दफ्ती के बीचों-बीच गोंद से चिपका देंगे। पट्टी के उपर वाले भाग को लम्बाई में बीच से काट देंगे। काटे गए पट्टी के आधा से उपर एक भाग पर काला तथा दूसरे पर लाल गोला समान दूरी पर बना देंगे तथा नीचे वाले भाग पर 0 -9 तक की संख्याओं को लाल गोले वाले पर लाल रंग से तथा काला गोले वाले पर काला रंग से लिख देंगे। दूसरे दफ्ती पर बीच में एक विंडो इस प्रकार बनाएंगे की विंडो से दिखने वाली संख्या के ठीक बराबर गोला उपर में दिखाई पड़े।अब पट्टी के दोनों उपरी भाग पर एक-एक मुठिया लगा देंगे। मुठिया पकड़कर ऊपर नीचे खींचने पर विंडो में दिखने वाली संख्या के बराबर ही ऊपर में गोला दिखाई देगा। विंडो के दाहिने वाले भाग के ऊपर इकाई तथा बायें वाले भाग पर दहाई लिख देंगे। इस तरह से हम बच्चों में इकाई दहाई की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए स्थानीय मान की समझ विकसित कर सकते हैं।

इस शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रयोग शिक्षक की निगरानी में बच्चों से कराया जाय तो बेहतर रहेगा क्योंकि बच्चे अगर इसका प्रयोग अपने आप करेंगे तो TLM के टूटने की संभावना अधिक होगी साथ ही स्वयं अवधारणा की समझ भी नहीं बना पाएंगे।

धन्यवाद




TLM निर्माणकर्ता



**नाम:-** अवधेश राम
**विद्यालय का नाम:-** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहुआरा
**प्रखंड:-** भभुआ
**जिला:-** कैमूर
**whatsapp no. :-** 8581943379
**email id:-** awadheshram54@gmail.com

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 1





मध्य विद्यालय सदानंदपुर, बैसा, कहलगांव


राजकीय कन्या मध्य विद्यालय कुचायकोट ,गोपालगंज



उत्क्रमित उच्च विद्यालय कटहरा खतबे टोला, छातापुर, सुपौल

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 2



मध्य विद्यालय शिवगंज, डेहरी, रोहतास



म. वि. दुदहा, सिवान



UMS सिलौटा, कैमूर


# फोटो ऑफ द मंथ भाग 3


UMS अर्रा, मोहनियां, कैमूर
TEACHER


प्राथमिक महेशपट्टी,नरपतगंज, अररिया


विटामिन
D
U.H.S.pakdee
Gaighat, Muzaffarpur


Dictionary
UMS सिलौटा, कैमूर


N.P.S. SONABO, chainpur
ROBOFAN


U.M.S Amoan.chinpur

# शिक्षा शब्दकोश

## अपभ्रंश

**अपभ्रंश, आधुनिक भाषाओं के उदय से पहले उत्तर भारत में बोलचाल और साहित्य रचना की सबसे जीवन्त और प्रमुख भाषा (समय लगभग छठी से 12वीं शताब्दी)। भाषावैज्ञानिक दृष्टि से अपभ्रंश भारतीय आर्यभाषा के मध्यकाल की अंतिम अवस्था है जो प्राकृत और आधुनिक भाषाओं के बीच की स्थिति है।**






जयंती विशेष 28 सितंबर राकेश कुमार




**भगत सिंह** (जन्म: 28 सितम्बर 1907 वीरगति: 23 मार्च 1931) भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रान्तिकारी थे। चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुक़ाबला किया। पहले लाहौर में बर्नी सैंडर्स की हत्या और उसके बाद दिल्ली की केन्द्रीय संसद (सेण्ट्रल असेम्बली) में बम-विस्फोट करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलन्दी प्रदान की।

# News coverage


बालमंच

सोनभद्र एक्सप्रेस 12

पटना, रविवार 08 सितंबर 2024


एजुकेशनल न्यूज बालमंच

शिक्षा ही सर्वोपरि

पटना, सितंबर 22.09.2024 10

प्रा0 वि0 प्रखंड कॉलोनी फुलवारी शरीफ पटना

Suhani suman Samastipur

## राष्ट्रीय गीत

मुस्कुरा के जान वतन पर लूटाना है
देश ही पर मर जाना है
कितनी प्यारी धरती है
गंगा जहां बहती है
चिड़िया जिसको सोने की सारी दुनिया
कहती है,
इसको हीरे मोती से सजाना है
देश ही पर मर जाना है।

यह तिरंगा अपना है बापूजी का सपना
है, इसको ऊंचा और भी उठाना है
देश ही पर मर जाना है।
मुस्कुरा के जान वतन पर लूटाना है
देश ही पर मर जाना है।

--मिडिल स्कूल भेकास
प्रीति देवी


एजुकेशनल न्यूज बालमंच

शिक्षा ही सर्वोपरि

पटना, सितंबर 08.09.2024 07

## क्या लिखूं मैं उनके बारे

रचयिता:- श्रेया वर्मा
कक्षा:- 10

## भोजपुरी सोहर

सुरभू कुमारी वर्ग 8 उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुवरा, कैमूर

## स्त्री की बुनियाद

स्नेहा कुमारी, आजमनगर अरिहणा हाई स्कूल

## स्वच्छता का ऐलान

## गुरु महिमा

ToB बालमन कविता
स्वच्छता का ऐलान



# Thank You

अगर आपको पत्रिका अच्छी लगी हो तो कृपया इसे अधिक से अधिक शेयर करे।

यदि आपके कोई सुझाव हो तो 9431680675 पर संपर्क कर सकते है।

www.teachersofbihar.org